आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

06.10.2018

प्रिंट मीडिया के समाचार–पत्रों अमर उजाला एवं दैनिक जागरण के अतिरिक्त कुछ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खराब पंखे का समाचार प्रकाशित/प्रसारित होने की खबर आई हैं ।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) इन खबरों का खंडन करता है और इसके संबंध में आरेडिका का पक्ष यह है कि 30 सितम्बर को कुल 14 डिब्बों की एक रेक की रवानगी आरेडिका कारखाने से की गई थी जिसमें से सिर्फ एक कोच के कुल 4 पंखों में विर्निमाण त्रुटि पाई गई और इन पंखों को बदलने का कार्य आरेडिका से कोच रवानगी के बाद रायबरेली स्टेशन पर किए गए है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना भारतीय रेल का एक आधुनिकतम उत्पादन इकाई है और दिन प्रतिदिन उत्पादन क्रमशः बढ़ रहा है। सितम्बर महीने में आरेडिका द्वारा कुल 135 कोच का उत्पादन किया गया था जो कि अभी तक का एक माह का सर्वाधिक कोच उत्पादन है।

आरेडिका या कोई भी उत्पादन इकाई द्वारा निर्मित कोच, यात्री सुविधा के लिए उपयोग होने से पहले तक, बेस डिपों में भेजे जाने के बाद भी यदि कोई समस्या होती है तो उनका निराकरण करती है ताकि बेहतर यात्री सुविधाएं व संरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह भारतीय रेलवे की सामान्य प्रैक्टिस है, जिससे कि कोच यात्री सेवा में जाने के पहले पूर्णतयः कार्यदक्ष एवं उपयुक्त हो और यात्रियों को कोई असुविधा न हो।